8-1/CSU/Acd/Admissions/CUET-PG/2026/317

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**

**Central Sanskrit University**

जनकपुरी, नई दिल्ली

Janakpuri, New Delhi

दिनांक/Date: 18.06.2026

**(शैक्षणिक विभाग/Academic Section)**

**अधिसूचना/Notification**

**विषय : शिक्षाचार्य (M.Ed.) प्रथम वर्ष प्रवेश 2026-27 हेतु प्रथम चरण (PHASE-I) की विस्तृत अधिसूचना।**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के जयपुर परिसर, भोपाल परिसर एवं श्री सदाशिव परिसर में शिक्षाचार्य (**M.Ed.**) प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु परिसर आवंटन के उपरान्त वरीयता क्रम तथा आरक्षण नियमों के अनुसार प्रमाणपत्र सत्यापन/प्रवेश प्रक्रिया के लिए आमंत्रित अभ्यर्थियों की सूची संलग्न है।

यह सूचना प्रवेश का अधिकार प्रदान नहीं करती है। प्रमाणपत्र सत्यापन एवं पात्रता परीक्षण के उपरान्त चयनित अभ्यर्थियों को समर्थ पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रवेश शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा।

निर्धारित तिथि में प्रमाणपत्र सत्यापन हेतु उपस्थित न होने, निर्धारित शुल्क जमा न करने अथवा आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थी की प्रवेश पात्रता स्वतः निरस्त मानी जाएगी।

**प्रवेश हेतु आवश्यक प्रमाणपत्र**

1. शिक्षाचार्य (**M.Ed.**) का ऑनलाइन आवेदन-पत्र (**Samarth Portal** से डाउनलोड कर प्रवेश समिति को प्रस्तुत करें)।
2. **Part-B Form** (विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध)।
3. जन्मतिथि के प्रमाण हेतु मैट्रिक/सेकेंडरी/समकक्ष परीक्षा का प्रमाणपत्र एवं अंकतालिका।
4. प्राक्शास्त्री/उत्तरमध्यमा/उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक/समकक्ष परीक्षा का प्रमाणपत्र एवं अंकतालिका।
5. शास्त्री/बी.ए. (संस्कृत)/समकक्ष परीक्षा का प्रमाणपत्र एवं अंकतालिका।
6. आचार्य/एम.ए. (संस्कृत)/समकक्ष परीक्षा का प्रमाणपत्र एवं अंकतालिका (यदि लागू हो)।
7. शिक्षाशास्त्री (**B.Ed.** संस्कृत शिक्षण विषय सहित) परीक्षा का प्रमाणपत्र एवं अंकतालिका।
8. शिक्षाशास्त्री (**B.Ed.**) का परिणाम प्रतीक्षित होने की स्थिति में शपथ-पत्र (यदि लागू हो)।
9. **SC/ST/OBC/EWS** वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु केन्द्र सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत अद्यतन प्रमाणपत्र।
10. दिव्यांग (**PwBD**) अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम **40%** दिव्यांगता का प्रमाणपत्र।
11. क्रीड़ा अथवा युद्ध-आहत श्रेणी से संबंधित प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)।
12. **Migration Certificate** (प्रव्रजन प्रमाणपत्र)।
13. **Transfer Certificate** एवं **Character Certificate.**
14. **APAAR/ABC (Academic Bank of Credits)** पंजीकरण प्रमाण।
15. **EWS** प्रमाणपत्र वित्तीय वर्ष **2026-26** का होना अनिवार्य है।
16. **OBC (Non-Creamy Layer)** अभ्यर्थियों हेतु आय प्रमाणपत्र अद्यतन होना अनिवार्य है।
17. **Medical Fitness Certificate**।

**महत्वपूर्ण निर्देश**

1. संबंधित परिसर की स्थानीय प्रवेश समिति द्वारा पात्रता सत्यापित किए जाने पर ही प्रवेश प्रदान किया जाएगा।
2. प्रवेश केवल निर्धारित तिथियों में ही दिया जाएगा।
3. ऑनलाइन आवेदन-पत्र में दी गई किसी भी जानकारी के असत्य पाए जाने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।
4. प्रवेश के संबंध में स्थानीय प्रवेश समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
5. जिस परिसर में प्रवेशार्थी को आवंटन किया गया है, उसी परिसर में प्रवेश प्रदान किया जाएगा। प्रवेश के पश्चात परिसर परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।
6. प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को नियमानुसार अवसर प्रदान किया जाएगा।
7. प्रवेश संबंधी समस्त सूचनाएँ केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएँगी। डाक, ई-मेल अथवा अन्य माध्यम से पृथक् सूचना नहीं भेजी जाएगी।

**प्रमाणपत्र सत्यापन संबंधी व्यवस्था**

अभ्यर्थियों को आवंटित परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित होकर परामर्श प्रक्रिया में सम्मिलित होना होगा। दस्तावेजों के सफल सत्यापन के उपरान्त स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर ही स्थायी अथवा अनंतिम (Provisional) प्रवेश प्रदान किया जाएगा।

अभ्यर्थी किन्ही अपरिहार्य कारणों से यदि अधिसूचना में निर्दिष्ट प्रमाण पत्र को प्रवेश प्रक्रिया के समय प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे उन्हें अनंतिम प्रवेश प्रदान किया जाएगा तथा इस संदर्भ में इस निम्नलिखित आशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा—

*"मैं ................................................. यह घोषणा करता/करती हूँ कि मैं मूल प्रमाणपत्रों सहित आवंटित परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन कराऊँगा/कराऊँगी। सत्यापन में असफल होने अथवा अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में मेरा प्रवेश बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है तथा मेरे द्वारा जमा की गई शुल्क राशि वापस नहीं की जाएगी।"*

अस्थायी/अनंतिम प्रवेश प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को 31 अगस्त 2026 तक अर्हता हेतु आवश्यक अंतिम वर्ष परीक्षा, सत्रार्द्ध परीक्षा अथवा अन्य आवश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे, अन्यथा उनका प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा।

जिन अभ्यर्थियों के विश्वविद्यालयीय परीक्षा परिणाम अभी घोषित नहीं हुए हैं, उन्हें 31 अगस्त 2026 तक शपथ-पत्र (Undertaking) के आधार पर अनंतिम प्रवेश दिया जा सकेगा। यह सुविधा केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को उपलब्ध होगी जिनकी संबंधित परीक्षाएँ सम्पन्न हो चुकी हैं।

सभी अभ्यर्थियों के लिए **APAAR/Academic Bank of Credits (ABC)** में पंजीकरण अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियों का पूर्व में पंजीकरण हो चुका है, उन्हें भी **APAAR/ABC** का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।
पंजीकरण हेतु: **https://www.abc.gov.in** या **https://apaar.education.gov.in**

**सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र हेतु शुल्क संरचना**

| शिक्षाचार्य प्रथम वर्ष | शिक्षाचार्य द्वितीय वर्ष |
|---|---|
| प्रथम सत्रार्द्ध - 9200 (GEN/EWS/OBC/SGC)<br>8450 (SC/ST//CW) | तृतीय सत्रार्द्ध - 9200 (GEN/EWS/OBC/SGC)<br>8450 (SC/ST//CW) |
| द्वितीय सत्रार्द्ध – 2100 /- (GEN/ EWS/OBC/SGC)<br>1350/- (SC/ST/CW) | चतुर्थ सत्रार्द्ध - 2100 /- (GEN/ EWS/OBC/SGC)<br>1350/- (SC/ST/CW) |

**नोट :** PwBD (दिव्यांग) श्रेणी के अभ्यर्थियों को 100% सम्पूर्ण शुल्क छूट रहेगी, जिसे प्रवेश समिति की अनुशंसा पर परिसरीय तकनीकी सहायक (TA) अपने स्तर से समर्थ पोर्टल पर छात्र की फीस को अपडेट (Zero Fees) करेंगे।

**प्रमाणपत्र सत्यापन एवं प्रवेश कार्यक्रम**

- प्रमाणपत्र सत्यापन/प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 23.06.2026 को प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ होकर 30.06.2026 को सायं 05:30 बजे तक सम्पन्न होगी।
- प्रवेश सुनिश्चित हो जाने के उपरान्त सभी विद्यार्थियों को 01.07.2026 को आवंटित परिसर में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

**परिसरवार सम्पर्क विवरण (SPOC)**

प्रवेश से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान एवं जिज्ञासा हेतु अभ्यर्थी कार्यालयीय समय में आवंटित परिसर के निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

| क्र.सं. | परिसर | संपर्क अधिकारी | दूरभाष |
|---|---|---|---|
| **1** | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर (राजस्थान) – **302018** | डॉ. कैलाश चन्द्र सैनी | **9460867107**<br>**9588951476** |
| **2** | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग, बागसेवनिया, भोपाल (मध्य प्रदेश) – **462043** | प्रो. गोविन्द पाण्डेय | **8435000797** |
| **3** | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री सदाशिव परिसर, पुरी (ओडिशा) – **752001** | प्रो. विजयपाल कछवाहा | **9438285906**<br>**9419260594** |

प्रवेशार्थी प्रवेश प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर शिक्षाचार्य की विवरणिका (Prospectus) का अवलोकन अवश्य करें।

(डॉ. विजय कुमार दाधीच)
**प्रभारी अधिकारी - प्रवेश**

**<u>प्रतिलिपि</u>:-**

1- कुलपति कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
2- कुलसचिव कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
3- परीक्षा नियन्त्रक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
4- निदेशक, समस्त सम्बद्ध परिसर
5- परियोजना अधिकारी (वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ)
6- सम्बद्ध संचिका।